Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding proper implementation of Ayushman Bharat Yojana in Muzaffarpur Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर) : माननीय प्रधानमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा हूं । हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर के पूरे जिले में पहले चरण में 5 लाख 19 हजार 625 लोगों को गोल्डन कार्ड को वितरित करने का लक्ष्य तय किया गया है लेकिन अब तक केवल 10-12 हजार लोगों को ही कार्ड मुहैया हुआ है और इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सभी लोगों को कार्ड पहुंचने में 6 महीने से अधिक का समय और लग सकता है । अभी सदर अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्ड बनाने का काम चल रहा है और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या नहीं होने के कारण कार्ड धीमी गति से बन रहे हैं । साथ ही वसुधा केन्द्र को भी कार्ड बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन उनकी भी संख्या उतनी नहीं है जो समय पर लक्ष्य प्राप्त कर सके । साथ ही इसका संचालन निजी हाथों में है, जो लोगों से कार्ड बनाने के नाम पर मनमानी अवैध राशि वसूल रहे हैं । एक बात और भी काबिलगौर है । कि कार्ड का प्रतिवर्ष नवीनीकरण होना है । अगर निश्चित समयाविधि में कार्ड ही नहीं बनेगा तो प्रतिवर्ष किस कार्ड का नवीनीकरण होगा ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि दूसरे जिले के सभी अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्ड बनाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाये ताकि निश्चित समयावधि में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके । साथ ही निजी अस्पतालों या गैर सरकार अस्पतालों में लोगों को उपचार देने में जो आनाकानी एवं अनियमितता बरती जा रही है । उस पर लगाम लगाने के लिए निगरानी करने की सख्त व्यवस्था की जाये ताकि लोगों को आये दिन हो रही परेशानियों से निजात मिल सके ।